ज्ञापन / आरोपी के परिजनों ने प्रशासन को पत्र सौंपकर की घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग

युवती से दुराचार की घटना को बताया झूठा

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

नैनीताल। बीती 17 नवम्बर को ओखलकांडा ब्लाक के चैगड़ में युवती के साथ हुई दुराचार की घटना को आरोपी के परिजनों ने झूठ बताते हुये सोमवार को नैनीताल पहुंचकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। युवक की माता व पिता सहित भाइयों व चाचा ने एडीएम बीएल फिरमाल को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग उनसे रंजिश रखते हैं।

इसी के चलते उन्होंने दुराचार की झूठी रिपोर्ट पट्टी पटवारी को दी है। अभी तक दुराचार की पुष्टि भी नहीं हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाये। परिवार के लोगों ने इस पूरे प्रकरण को रंजिश के तहत अंजाम देने का आरोप गांव के दबंग लोगों पर लगाया है। मालूम हो कि 17 नवंबर को ओखलकांडा ब्लाक निवासी एक व्यक्ति ने पट्टी पटवारी को तहरीर देकर अपने ही गांव के निवासी पान सिंह पुत्र मोती सिंह पर अपनी पुत्री के साथ दुराचार करने का आरोप लगाया था। तहरीर पर राजस्व पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव की एक पेयजल योजना में उक्त लोगों ने कब्जा कर रखा है।

21 मई 2017 को भी उक्त युवक पान सिंह ने पानी भरने के दौरान अपने परिवार के साथ मारपीट की जिसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इस संबंध में पट्टी पटवारी ने कोई कार्रवाई आज तक नहीं की। 18 नवम्बर 2017 को खुशहाल सिंह पुत्र दान सिंह ने पान सिंह के खिलाफ दुराचार की मनगंढ़त एफआईआर दर्ज की जो आपसी रंजिश की कार्रवाई है।

परिवार के लोगों ने कहा एफआईआर सरकार बनाम् पान सिंह मुकदमे की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच किया जाना आवश्यक है जिससे ग्रामवासियों को न्याय प्राप्त हो सके। ज्ञापन देने वालों में पान सिंह के परिवार के लक्ष्मण सिंह, मोहन सिंह, रणजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, गोफली देवी, हरुली देवी, मोती सिंह आदि शामिल थे।

नैनीताल में एडीएम फिरमाल को ज्ञापन सौंपते दुराचार के आरोपी युवक के परिजन।

पॉलीटेक्निक में रक्तदान शिविर 29 को

कालाढूंगी। राजकीय पॉलीटेक्निक कालाढूंगी में 29 नवम्बर को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। कालेज प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है। उक्त जानकारी देते हुए पालीटेक्निक प्रधानाचार्य अखिलेश वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर कालेज में ही आयोजित होगा। उन्होंने क्षेत्र के रक्तदाताओं से भी नियत तिथि पर कालेज आकर रक्तदान करने की अपील की है।

हल्द्वानी में मोबाइल टायलेट को 29.40 लाख स्वीकृत



हल्द्वानी। शहर में खुले में शौच करने वालों के लिए अच्छी खबर है। शासन ने मोबाइल टायलेट के लिए 29.40 लाख रुपये स्वीकृत कर दिये हैं। इस राशि से 30 टायलेट सीटें खरीद मोबाइल वैन तैयार की जाएंगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम प्रशासन शहर के वार्डों को खुले में शौच से मुक्त बनाने को प्रयासरत है। इसके तहत वार्डों में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी किया गया है। इस बीच नगर निगम प्रशासन ने वार्डों को खुले से शौच मुक्त बनाने के लिए 193 टायलेट सीटों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इन सीटों से 44 मोबाइल टायलेट वैन तैयार की जानी थी। इधर इस प्रस्ताव का संज्ञान लेकर शासन ने 30 टायलेट सीटों के लिए 29.40 लाख रुपये स्वीकृत कर दिये हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए मिशन से जुड़े अफसरों ने बताया कि शहरीय विकास निदेशालय से राशि स्वीकृत किये जाने का पता चला है। हालांकि इस संबंध में अभी पत्र जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत राशि से करीब छह मोबाइल वैन तैयार की जाएंगी। इस बीच नगर आयुक्त हरवीर सिंह ने राशि स्वीकृत होने की जानकारी देते हुए बताया कि जिन वार्डों में खुले में शौच करने वालों की संख्या अधिक है वहां मोबाइल टायलेट वैन लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम प्रशासन तैयारी में जुटा है। शहर को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर निगम हल्द्वानी को अवश्य पुरस्कार मिलेगा।

नगर निगम की आबादी अब 2.76 लाख होगी

हल्द्वानी। नगर निगम सेवा विस्तार की प्रक्रिया जोर-शोर से चल रही है। विस्तार के बाद निगम के प्रत्येक वार्ड में करीब 4500 की आबादी होने का अनुमान है। सीमा विस्तार के बाद नगर निगम क्षेत्र की आबादी 2.76 लाख के आसपास हो जाएगी। निगम सूत्रों के अनुसार जल्द ही वार्डों का खाका तैयार कर शासन को भेज दिया जाएगा।

प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर में मूर्तियों की स्थापना

लालकुआं। यहां वार्ड नंबर 2 में स्थित प्रेम मंदिर में स्थापित की गई भगवान शिव परिवार की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गयी जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने शिरकत की। प्रेम मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियां नगर के समाजसेवी हनुमान प्रसाद गर्ग द्वारा स्थापित कराई गयी। इस अवसर पर मंदिर में पिछले 2 दिनों से भव्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त अनुष्ठान शास्त्री पंडित मोहन चंद्र पांडे के सानिध्य में किए जा रहे हैं जिसमें मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी हनुमान प्रसाद गर्ग और उनका परिवार है, कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राम बाबू मिश्रा, सभासद लक्ष्मण खाती, चन्दू गर्ग, राम गोपाल शर्मा, विनोद श्रीवास्तव, दीप लोहनी, जीवन सिंह रजवार, कन्हैया प्रसाद, अनिल शर्मा, प्रेमपाल सहित भारी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद थे।

एसओ का तबादला बना चर्चा का विषय

भीमताल। सोमवार को एसएसपी जन्मेजय खंडूरी द्वारा जिले के 6 दरोगाओं के तबादले किये गये। इन तबादलों में भीमताल थानाध्यक्ष शांति गंगवार का तबादला भी है जिसको लेकर भीमताल में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। लोगों ने एसओ के तबादले को दो दिन पहले सलड़ी के पास एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव मिलने से जोड़ा है। लोगों ने एसओ गंगवार के अचानक तबादले को गलत बताया। वहीं पुलिस सूत्रों के मुताबिक एसओ गंगवार जली हुई महिला के अज्ञात शव की जांच को बेहद करीब ले आये थे और वह बहुत जल्द इस जांच में सफलता प्राप्त कर लेते पर उनके अचानक तबादले से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो चुकी है। लोगों का कहना है कि एसओ गंगवार द्वारा क्षेत्र के माहौल में काफी सुधार किया गया था। साथ ही उनके द्वारा क्षेत्र में यातायात, नशे, अपराध पर काफी लगाम लगायी गयी थी और लोगों के बीच उनका तालमेल भी सही बना हुआ था।

एसओ गंगवार को दी विदाई

भीमताल। थानाध्यक्ष शांति कुमार गंगवार को थानाध्यक्ष चोरगलिया बनाये जाने पर आज उनको एएसपी हरीश चंद्र सती, सीओ आरएस नबियाल, नवनियुक्त एसओ भीमताल दानी राम आर्य और एसआई त्रिलोचन जोशी समेत एलआईयू और पुलिस कर्मियों द्वारा विदाई दी गई। एएसपी हरीश चंद्र सती और सीओ आरएस नबियाल ने एसओ गंगवार को विदाई देते हुए कहा कि उनका कार्यकाल बेहद सरहानीय रहा। उन्होंने अपराधों पर रोक लगाने में कामयाबी हासिल की साथ ही यातायात व्यवस्था भी उनके नेतृत्व में बेहतर रही और नशे के खिलाफ अभियान भी उन्होंने चलाया। उनके थानाध्यक्ष चोरगलिया बनने पर बधाई दी गयी। एसओ गंगवार ने कहा भीमताल में एक साल का कार्यकाल बेहद खास रहा और यहां के लोगों द्वारा उन्हें अच्छा सहयोग मिला जिसे वह भुला नहीं पायेंगे। एसओ गंगवार के कार्यकाल की व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज भट्ट, संघर्ष समिति संस्थापक देवेंद्र फर्त्याल, ज्येष्ठ प्रमुख अनिल चनौतिया, आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष संदीप पाण्डे, यूथ अध्यक्ष नीरज कुमार मोनू, उमेश पाठक, पूरन बृजवासी, गुंजन रौतेला समेत तमाम लोगों ने सराहना की। नवनियुक्त एसओ दानी राम आर्य ने चार्ज संभालने के बाद कहा यातायात व्यवस्था, नशे और अपराधों पर अंकुश लगाना उनका उनकी प्राथमिकता रहेगी। एएसपी हरीश चंद्र सती ने कहा कि सलड़ी में महिला का जो अज्ञात जला हुआ शव मिला है उसकी जांच एसओ शांति कुमार गंगवार द्वारा की जायेगी।

नैनीताल में सुबह सायं कड़ाके की ठंड

नैनीताल। सरोवर नगरी में सुबह से ही धूप निखरी रही। नैनीताल पहुंचे सैलानियों व लोगों ने मौसम का आनंद उठाया। सोमवार को सैलानियों की आमद अन्य दिनों की अपेक्षा कम थी। दिन में अच्छी धूप छलकने के साथ ही सुबह सायं यहां कड़ाके की ठंड जारी है। मौसम सामान्य होने के कारण नैनीताल में सैलानियों का आना जारी है। इन दिनों शैक्षणिक भ्रमण दल नैनीताल पहुंच रहे हैं। इन दलों ने चिड़ियाघर पहुंचकर वन्य जीवों के दीदार किये। सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन व बारापत्थर पहुंच कर घुड़सवारी का आनंद लिया। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने आसपास के क्षेत्रों में पहुंच कर सैर की। स्नो व्यू, केव गार्डन, हिमालय दर्शन सहित अन्य स्थानों में भी सैलानी पहुंचे। इधर नैनी झील का जलस्तर 7.2 फीट पर पहुंच गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केन्द्र में अधिकतम तापमान 15 तथा न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रिकार्ड की गयी। इधर लम्बे समय से वर्षा नहीं होने से काश्तकारों के चेहरे मुर्झाये हुए हैं।

व्रत और त्यौहार पंचांग

मंगलवार, 28 नवम्बर 2017
चन्द्रोदय : 13:49
चन्द्रास्त : 25:57
शक सम्वत : 1939 हेमलम्बी
विक्रम सम्वत : 2074 साधारण
अमांत महीना : मार्गशीर्ष
पूर्णिमांत महीना : मार्गशीर्ष
पक्ष : शुक्ल पक्ष
तिथि : नवमी - 11:24 तक
नक्षत्र : पूर्व भाद्रपद - 17:21 तक
योग : वज्र - 24:40 तक
प्रथम करण : कौलव - 11:24 तक
द्वितीय करण : तैतिल - 23:14 तक
सूर्य राशि : वृश्चिक
चन्द्र राशि : कुम्भ - 11:15 तक
राहुकाल : 14:44 - 16:02
गुलिक काल : 12:09 - 13:26
यमगण्ड : 09:33 - 10:51
अभिजीतमुहूर्त : 11:48 - 12:29
दूमुहूर्त : 09:02 - 09:43
अमृत काल : 09:07 - 10:46
वर्ज्य : 26:54 - 28:29

सोशल ट्रेंड्स

गुणों के सहारे ही व्यक्ति सफल हो पाता है, मगर विनय और विवेक साथ हो तो शिखर छू जाता है।

यह कैसी राजगिरी है, एक फिल्म में डांस करने वाली 'नचनिया' से डर गए।
आजम खान

अगर अपने जीवनसाथी के दिल पर राज करना चाहती हैं तो उनके साथ कुछ प्यार भरे लम्हें जरूर व्यतीत करें।

दिसम्बर में विशाल धरना-प्रदर्शन का निर्णय

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

■ कांग्रेसियों की बैठक में राजस्व गांव की लड़ाई तेज करने का ऐलान

बिन्दुखत्ता। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिन्दुखत्ता द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक में भाजपा सरकार द्वारा बिन्दुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की दिशा में कोई पहल न करने को लेकर वादा निभाओ राजस्व गांव दो की मांग को लेकर दिसंबर माह में विशाल धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह दानू के कार्यालय में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिन्दुखत्ता क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने बिन्दुखत्ता को नगरपालिका का दर्जा दिलाया जिसका वर्तमान में सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने प्रबल विरोध किया तथा जनता को भरोसा दिलाया था कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर बिन्दुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिया जायेगा। भाजपा द्वारा उस समय बाकायदा इसे लेकर सदस्यता अभियान भी चलाया था। झ

परंतु सरकार बनने के 9 माह बाद भी भाजपा सरकार ने इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है जिससे बिन्दुखत्ता की जनता में गहरा असंतोष है। उन्होंने कहा कि बिन्दुखत्ता के ग्रामीण राजस्व गांव के मुद्दे पर आंदोलन करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर रहे हैं। इसीलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मामले में उग्र रूप धारण करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत आगामी 6 दिसंबर को कोर कमेटी का गठन कर लालकुआं तहसील में जबरदस्त प्रदर्शन करने के लिए रणनीति तय की जाएगी जिसमें आंदोलन का संयोजक मंडल बनाया जाएगा जो कि बूथ स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर राजस्व गांव की लड़ाई को तेज करेगा।

बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए धरना-प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पंवार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल को आमंत्रित किया जाएगा। वक्ताओं ने राजस्व गांव के मुद्दे पर भाजपा द्वारा चुप्पी साध लेने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। बैठक में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह दानू, महामंत्री हरीश बिसौती, युवक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर दानू, हर्ष बिष्ट, गिरधर सिंह बम, त्रिलोक सिंह मेहता, राजेन्द्र सिंह चौहान, मोहन कुड़ाई, सूरज राठौर, पनीराम आर्य, गोविंद बल्लभ भट्ट, गुरदयाल सिंह, खुशाल सिंह मेहता सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

कुविवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की हड़ताल स्थगित

नैनीताल। कुविवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के कार्य बहिष्कार के दौरान कुलपति प्रो. डीके नौड़ियाल के साथ वार्ता होने के बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल को स्थगित कर दिया है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वह आंदोलन छेड़ देंगे। कुलपति ने लिखित आश्वासन दिया कि वह अपने स्तर की मांगों को अतिशीघ्र हल करेंगे। लिखित आश्वासन के बाद संघ द्वारा अपना आंदोलन स्थगित रखने का निर्णय लिया। लेकिन संघ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की हड़ताल में भी शामिल रहेगा। वार्ता के दौरान उप कुल सचिव बहादुर सिंह बिष्ट, शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दीपक बिष्ट, सचिव नवल किशोर बिनवाल आदि उपस्थित थे।

महिलाओं के विधिक अधिकारों पर यूओयू में कार्यक्रम

हल्द्वानी। महिलाओं के विधिक अधिकारों को लेकर जागरूकता लाने के संबंध में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा सोमवार को एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. नागेश्वर राव द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के विभिन्न लॉ कालेजों के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भागीदारी की जिसमें यूओयू के अलावा चाणक्य लॉ कालेज ऊधमसिंह नगर, यूनिटी लॉ कालेज, वासुदेव लॉ कालेज व कुमाऊं विश्वविद्यालय अल्मोड़ा कैम्पस के लॉ विभाग के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में यूनिटी लॉ कालेज की शैली शरण ने प्रथम स्थान हासिल कर दो हजार रुपये का नगद ईनाम व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जबकि विजेता महरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर डेढ़ हजार रुपये जीते।

तीसरे स्थान पर पांच लोग विजयी रहे जिनमें वर्तिका वर्मा, मोनिका महरा, हर्षिता पंत, तब्सुम व सुभम ने एक-एक हजार रुपये का नगद ईनाम व प्रमाणपत्र प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. नागेश्वर राव व निदेशक प्रो. गिरजा पाण्डेय द्वारा पुरस्कार बांटे गये। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपांकर जोशी, डॉ. एमएम जोशी, डॉ. दीपक पालीवाल, गोपाल दत्त सहित विभाग के सभी लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम
■ लॉ कालेजों के लगभग 70 विद्यार्थियों ने की भागीदारी

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

संस्थापक संपादक
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
प्रधान संपादक
साकेत अग्रवाल
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप पब्लिकेशन्स
चंद्रकाता हाउस, जजी के सामने, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं 11 लिटन रोड, देहरादून से प्रकाशित
संपादकः तेजपाल नेगी
स्थानीय संपादकः मदन मोहन लखेड़ा
दूरभाष : 7055515678
फैक्सः 05946-283801
8272011151 (देहरादून)
Email: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं.-
UTTHIN/2015/65056
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।

आज का भविष्यफल

पं. दिवाकर शास्त्री

मेष : आज का दिन शुभ फलदायी है। भाइयों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे और उनके साथ बैठकर घर के बारे में चर्चा हो सकती है।

वृष : किसी छोटे धार्मिक स्थल पर जाने का सफल आयोजन होगा। धन लाभ के योग हैं। नए कार्यों के आरंभ के लिए शुभ दिन है।

मिथुन : आज साधारण लाभ का दिन है। व्यर्थ के खर्च पर रोक लगानी होगी। परिवार में झगड़े न हों, इसका विशेष ध्यान रखिएगा।

कर्क : शारीरिक परेशानी के साथ मन में निराशा का भाव रहेगा। नकारात्मक मानसिकता न रखें। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

सिंह : आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा। नौकरी और व्यवसाय में अनुकूल परिस्थितियां होगीं।

कन्या : धन लाभ होने की संभावना है। मित्रों, विशेषकर महिला मित्रों से लाभ होगा। आर्थिक योजनाएं सफलतापूर्वक पूरे होंगे।

तुला : परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे।

वृश्चिक : बौद्धिक चर्चा में न उतरें। प्रवास की संभावना है। व्यर्थ के खर्चों से बचें।

धनु : अधिक चिंता करने से स्वास्थ्य प्रभावित होगा। कोर्ट-कचहरी के कार्य में सावधानीपूर्वक कदम उठाएं।

मकर : भावनाओं के प्रवाह में बहकर आप कोई अविवेकपूर्ण कार्य न कर बैठें, इसका ध्यान रखें।

कुंभ : वाणी और व्यवहार में संयम बरतें। दिन अत्यंत शुभ फलदायी होगा। कार्य में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा।

मीन : व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि और सफलता मिलेगी। पिता और बड़े-बुजुर्गों से लाभ होगा। लक्ष्मी देवी की कृपा दृष्टि रहेगी।

अजब मुशकील / गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 50 फीसदी कैदी

कई कैदियों के लिए डेथ वारंट साबित हो रही जेलें

सलीम खान
@dainikuttaranchaldeep.com

हल्द्वानी। प्रदेश की जेलों में जाने वाले करीब पचास फीसदी कैदियों के लिए उनकी सजा मौत का फरमान बन जाती है। इसकी वजह है बंद होने के दौरान उन्हें गंभीर बीमारियां घेर लेती हैं और वे मौत के मुंह में समा जाते हैं।

वर्तमान में प्रदेश की जेलों में सजा काट रहे कैदियों में से आधे कैदी ऐसे हैं जो कैंसर, टीवी, एचआईवी, हार्ट अटैक, किडनी, हाइपरटेंशन डायबिटीज जैसी बीमारियों का शिकार बन चुके हैं। सरकारी रिकार्ड के मुताबिक बीते दो सालों में अब तक कई कैदियों की मौत हो चुकी है। प्रदेश की विभिन्न जेलों में इन दिनों करीब हजारों कैदी सजा काट रहे हैं। इनमें आधे ऐसे हैं, जो या तो गंभीर बीमारी का शिकार हैं या फिर उनकी उम्र 60 से ज्यादा हो गई है। खास बात यह है कि बूढ़े हो चुके इन कैदियों में कई ऐसे हैं, जिनसे पिछले एक दशक से कोई मिलने ही नहीं आया है। दरअसल मामला जब तक उच्च न्यायालय तक पहुंचता है तब तक उनके परिवार की आर्थिक हालत खराब हो चुकी होती है जिसकी वजह से वे बंदी से किनारा करने को मजबूर हो जाते हैं। यह लोग इस दौरान बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इनमें से कई कैदी तो पहले से ही बीमारी का शिकार हुए होते हैं, तो कुछ को जेल में रहने के दौरान बीमारियों ने जकड़ लिया।

हरिद्वार जेल में हुई सबसे अधिक मौतें

हल्द्वानी। इन दो सालों में सजा काट रहे बंदियों में सबसे अधिक मौत हरिद्वार जेल में हुई है। हरिद्वार जेल में करीब 12 कैदी बीमारी के चलते मौत के आगोश में जा चुके हैं। वहीं सितारगंज खुली जेल में बंद कैदियों की मौत की संख्या छह है। हल्द्वानी सब जेल के जेल अधीक्षक मनोज आर्या का कहना है कि हल्द्वानी में बीमारी के चलते पांच कैदियों की मौत हुई है जबकि नैनीताल में जो भी बंदी बीमार होता है उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया जाता है। उनका इलाज भी यहीं होता है। उधर अल्मोड़ा जेल में एक ही बंदी की मौत हुई है।

फॉर्म-ए से मिलती है मुक्ति

जेल मैन्युअल के हिसाब से 60 साल से अधिक उम्रदराज या 14 साल से अधिक की सजा काट चुके कैदियों को सजा से मुक्ति के लिए फॉर्म-ए के रूप में मिलता है, जिसमें कैदी का अच्छा चाल-चलन होने पर कलेक्टर, एसपी और प्रोबेशनरी अधिकारी जांच रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को भेजते हैं। रिपोर्ट के आधार पर कैदियों को सजा से मुक्ति मिलती है।